दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका

संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916

वर्ष 13 | अंक 182 | छतरपुर, बुधवार 29 जनवरी 2025 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

# ट्रेन के गेट न खुलने से नाराज लोगों द्वारा छतरपुर स्टेशन में ट्रेन पर पथराव

## खजुराहो एवं हरपालपुर स्टेशन में भी भीड़ द्वारा हंगामा

छतरपुर/हरपालपुर। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ को लेकर देश भर के श्रद्धालुओं में इतना उत्साह है कि वे किसी भी हालत में प्रयागराज जाना चाह रहे हैं। आज मौनी अमावस्या पर प्रयागराज में विशेष स्नान हैं, ऐसे में देश भर के रेलवे स्टेशनों पर लगातार श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। श्रद्धालु किसी भी स्थिति में प्रयागराज जाना चाह रहे हैं, फिर चाहे इसके लिए उन्हें कानून ही क्यों न हाथ में लेना पड़े। मामला छतरपुर जिले का है जहां बीती रात तीन अलग-अलग रेलवे स्टेशनों पर प्रयागराज जा रही ट्रेन के गेट न खुलने पर इंतजार कर रहे लोगों द्वारा पथराव तथा हंगामा किए जाने की घटनाएं सामने आई हैं।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक रात करीब पौने एक बजे इंदौर से प्रयागराज जा रही अंबेडकरनगर-प्रयागराज एक्सप्रेस (14115) छतरपुर स्टेशन पर रुकी लेकिन ट्रेन में यात्रियों की संख्या अधिक होने के कारण भीतर मौजूद यात्रियों ने गेट नहीं खोले जिसके बाद स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्री भड़क उठे और उन्होंने ट्रेन में तोड़फोड़





शुरू कर दी। कुछ यात्रियों ने ट्रेन के सीसे तोड़े तो कुछ ने जमकर पत्थर बरसाए। बताया गया है कि पथराव के चलते ट्रेन के अंदर मौजूद कुछ यात्री मामूली रूप से घायल हुए हैं, इसके साथ ही ट्रेन के अंदर भय का माहौल निर्मित हो गया था। हंगामे के दौरान मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने वीडियो बना लिए थे, जो अब तेजी से वायरल हो रहे हैं। मौके पर आरपीएफ के जवान थे, लेकिन वह उपद्रवियों को कंट्रोल नहीं कर पाए। बाद में स्थानीय पुलिस को बुलाया गया, जिसकी मदद से हालात काबू में आए और करीब 40 मिनट बाद ट्रेन स्टेशन से रवाना हुई। सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मीक चौबे ने बताया कि छतरपुर स्टेशन पर ट्रेन के गेट न खोले जाने से नाराज लोगों ने पत्थर मारकर तोड़फोड़ की है। सूचना मिलते ही हमारी टीम मौके पर पहुंच गई थी लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले उपद्रवी भाग निकले थे। छतरपुर के बाद जब यह ट्रेन खजुराहो पहुंची तो यहां भी इसी तरह का हंगामा हुआ, हालांकि यहां पत्थरबाजी नहीं हुई, लोग सिर्फ गेट खुलवाने के लिए हल्ला-गुल्ला कर रहे थे।

### *आधी रात को हरपालपुर स्टेशन पर हुआ हंगामा*

वहीं दूसरी ओर झांसी से प्रयागराज जा रही एक अन्य स्पेशल ट्रेन के ऊपर हरपालपुर स्टेशन पर पथराव किया गया। बताया गया है कि हरपालपुर में रेल क्रमांक 00200 में गुस्साए यात्रियों ने तोड़-फोड़ की, जिसके बाद लगभग 1 घण्टे तक ट्रेन स्टेशन पर ही खड़ी रही। रात करीब डेढ़ बजे ट्रेन को रवाना कराया गया। साथ ही स्टेशन पर जमा भीड़ को सुबह 5ः30 दूसरी ट्रेन 00264 से रवाना कराया गया। हरपालपुर थाना प्रभारी पुष्पक शर्मा ने बताया कि रात करीब 2 बजे हरपालपुर स्टेशन पर हंगामा किया गया, जिसे बाद में हमारी टीम मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस की समझाइश पर लोग शांत हो गए थे। घटना के बाद उत्तरप्रदेश सरकार सहित मध्यप्रदेश का रेल प्रशासन हरकत में आया। हरपालपुर नगर से लगी उत्तरप्रदेश की सीमावर्ती महोबकंठ थाना की पुलिस ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में घटना की जांच शुरु की है। वहीं रेल्वे के अधिकारियों ने हरपालपुर स्टेशन पहुंचकर जायजा लिया।

### *असुविधा के मद्देनजर चलाई गई स्पेशल ट्रेन*

रेल मंडल झांसी के पीआरओ मनोज सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए, यात्रियों से शांति बरतने की अपील की है। उन्होंने बताया कि असुविधा के मद्देनजर ओरछा से एक स्पेशल ट्रेन प्रयागराज के लिए चलाई गई है।

### *एसपी ने सभी स्टेशनों पर तैनात किया पुलिस बल*

पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि बीती रात जिला मुख्यालय के रेल्वे स्टेशन सहित खजुराहो और हरपालपुर में ट्रेन पर उग्र भीड़ द्वारा पथराव किए जाने की घटनाएं सामने आई हैं। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी रेल्वे स्टेशनों पर आरपीएफ के साथ-साथ स्थानीय पुलिस बल को तैनात कराया गया है।

# जिला सहकारी बैंक में फहराया गया तिरंगा




छतरपुर। गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक छतरपुर में प्रशासक करूणेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर महा प्रबंधक आरएस भदौरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रभान सिंह गौतम सहित समूचा स्टाफ मौजूद रहा। इस अवसर पर बचत अमानत पखवाड़े में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



# जहां एक ओर यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा की प्राथमिकता जरूरी है वहीं उनके लिए व्यवस्थाएं करा पाना मेरा परम सौभाग्य है- विधायक सप्रे

-विधायक निर्मला सप्रे पहुंची रेलवे स्टेशन पर
-महाकुंभ जा रहे तीर्थ यात्रियों पर पुष्प वर्षा कर किया स्वागत
-महाकुंभ यात्रियों की सुविधा के लिए चलित शौचालय एवं पानी के टेंकर रखवाए -व्यवस्थाओं के लिए स्टेशन प्रबंधक को दिए निर्देश



**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/प्रयागराज महाकुंभ के लिए बीना रेलवे स्टेशन से हजारों यात्री अलग-अलग ट्रेनों से पहुंच रहे हैं। महाकुंभ स्पेशल ट्रेन जो बीना से चलाई जा रही है उससे भी सैंकड़ों तीर्थ यात्री यात्रा कर रहे हैं। स्थानीय विधायक निर्मला सप्रे भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं के साथ मंगलवार को सुबह लगभग 10 बजे बीना रेलवे स्टेशन पर पहुंची जहां उन्होंने स्टेशन पर मौजूद हजारों यात्रियों के पास पहुंचकर उनका कुशल क्षेम जाना एवं परेशानियों के बारे में चर्चा की। विधायक ने गर्मजोशी के साथ महाकुंभ जा रहे यात्रियों का स्वागत किया एवं उन पर पुष्प वर्षा करते हुए यह संदेश दिया कि आप सभी माँ गंगा एवं त्रिवेणी संगम से देश एवं देशवासियों के साथ बीना विधानसभा क्षेत्र के हितों के लिए प्रार्थना करें।

इस अवसर पर विधायक निर्मला सप्रे यात्रियों के कंपार्टमेंट में भी पहुंची और उनसे महाकुंभ के बारे में चर्चाएं की। यात्रियों द्वारा शौचालय एवं पानी की समस्या बताए जाने पर उन्होंने तत्काल रेलवे स्टेशन प्रबंधक संतोष शर्मा को बुलाकर उन्हें यात्रियों को पर्याप्त पानी एवं स्टेशन पर साफ-सफाई में कमी पर नाराजगी जताते हुए तत्काल प्रभाव से सफाई कार्य कराने के निर्देश दिए। स्टेशन के बाहर यात्रियों की भीड़ देखते हुए उनकी सुविधाओं के लिए विधायक ने चिंता जाहिर की और तत्काल ही नगर पालिका सीएमओ से चलित शौचालय एवं पानी के दो टेंकर उपलब्ध कराए। इस अवसर पर विधायक ने यात्रियों को बैठने के लिए और कोच तक उन्हें पहुंचाने की व्यवस्था का भी जायजा लिया और उनकी सुरक्षा के लिए भी रेलवे स्टेशन पुलिस से अपेक्षा की, कि यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानियां न हो। विधायक ने सभी यात्रियों को सफल एवं सुखद यात्रा की मंगल कामनाएं दीं। विधायक के इस कदम को लेकर आम जनता द्वारा उनकी सराहना की जा रही है कि महाकुंभ जैसे पवित्र तीर्थ पर जाने वाले यात्रियों की सेवा एवं सत्कार उन्होंने किया है। विधायक का कहना है कि बीना रेलवे जंक्शन एक बड़ा जंक्शन है और यहां से हजारों यात्री महाकुंभ के लिए यात्रा पर निकल रहे हैं जहां एक ओर यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा की प्राथमिकता जरूरी है वहीं उनके लिए व्यवस्थाएं करा पाना मेरा परम सौभाग्य है और मैं इस अवसर को चूकना नहीं चाहती थी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विधायक के साथ ग्रामीण एवं नगर मंडल अध्यक्ष सहित भाजपा कार्यकर्ता पार्षदगण आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर, करोड़ी लाल यादव, राजेंद्र सिंह ठाकुर संतोष राय, श्रीमति भारती राय, सुरेंद्र राजपूत, मनोज शर्मा, शैलेश शाह, सुधीर रिछारिया, योगेश चतुर्वेदी, बदन सिंह ठाकुर, राजाबाबू यादव, योगेश दीक्षित, सचिन समैया, अंकित पंथी, भूपेंद्र राय, सतीश पटेल, सोबरन यादव, मनोज भारद्वाज, नंदकिशोर चौधरी, अजय पटेल आदि उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शासकीय हाई स्कूल बारों में 76वां गणतंत्र दिवस





**राजाराम साहू**

परिहार गर्जना न्यूज। घुवारा। तहसील घुवारा अंतर्गत ग्राम बारों के शासकीय हाई स्कूल बारों मे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समारोह पूर्वक हर्षोल्लाह के साथ 76 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के सभी छात्र छात्राओं के द्वारा ग्राम बारों में प्रभात फेरी निकालकर किया गया इस दौरान छात्र-छात्राएं झंडा गीत गाते हुए तिरंगा लेकर चल रहे थे। तत्पश्चात संस्था के प्राचार्य एस के खरे के द्वारा संस्था प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया एवं ध्वज को सलामी दी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम के सरपंच नन्हे भाई राय व विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम के उप सरपंच भूपेंद्र सिंह, गोविंद सिंह, पवन सिंह, भरत सिंह, इंद्रजीत सिंह, शिवेंद्र सिंह, अभय प्रताप सिंह, अरविंद सिंह उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जगपाल सिंह ने की। इस कार्यक्रम में संस्था के छात्र छात्राओं द्वारा अनेक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई। इस अवसर पर 2024 की परीक्षा में संस्था में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को संस्था के प्राचार्य एवं मुख्य अतिथि के द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में ग्राम पंचायत के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था के वरिष्ठ शिक्षक जी सिंह ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संयोजन संस्था की शिक्षिका श्रीमती प्रीति अहिरवार ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए परशुराम सिंह राजपूत, सुरेश कुमार प्रजापति, मनोज कुमार विश्वकर्मा, देवेंद्र अहिरवार, दयाराम अहिरवार, अनुराग शुक्ला एवं कैलाश सेन ने विशेष योगदान दिया।

# माता-पिता बिहीन कुमारी भानकुंवर का विवाह सीताराम कुशवाहा से पुलिस प्रशासन ने कराया





**सोहराव मंसूरी**

परिहार गर्जना न्यूज। नौगांव। छतरपुर पुलिस अधीक्षक श्री अगम जैन जी द्वारा लगातार छतरपुर जिले में अपने पदभार ग्रहण करने के बाद कानून और संविधान के दायरे में रहकर अपराधियों को अंकुश और कानून तक भेजने का काम करने में लगातार मेहनत कर रहे हैं वहीं सामाजिक समरसता और सामाजिक सरोकार एवं मानवता का भी मार्गदर्शन जनता को देने का प्रयास किया जा रहा है इस क्रम में नौगांव एसडीओपी चंचलेश मरकाम एवं नौगांव थाना प्रभारी सतीश सिंह तथा शोभा देवी सामाजिक सेवा समिति नौगांव की अध्यक्ष सुश्री तृप्ति कठैल एवं उनकी सहयोगी सभी पदाधिकारी ने एक ऐसी बेटी का पालन पोषण शिक्षा और संस्कार के साथ गोद लेकर 28 जनवरी 2025 को रॉयल पैलेस ईसानगर रोड नौगांव मैरिज गार्डन से कुमारी भानकुंवर कुशवाहा इसके माता-पिता नहीं है उसका विवाह हरपालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम इमलिया के रहने वाले श्री सीताराम कुशवाहा के साथ धूमधाम से संपन्न कराया इस आयोजन में नौगांव नगर पालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी छतरपुर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती ज्योति सुरेंद्र चौरसिया नौगांव पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री अंजुल सक्सेना अपने पूरे परिवार के साथ तथा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अभिलाषा धीरेंद्र शिवहरे अनेक सामाजिक कार्यकर्ता समाजसेवी सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी मीडिया बंधु उपस्थित रहे छतरपुर पुलिस अधीक्षक श्री अगम जैन जी ने इस समारोह में मंच पर उपस्थित होकर वर बधू दूल्हा दुल्हन को आशीर्वाद दिया।



# खजुराहो में विद्यार्थी परिषद द्वारा निकाली गयी भव्य तिरंगा यात्रा

**तुलसीदास सोनी**

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। खजुराहो में सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) ने एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। यात्रा भगवान शांतिनाथ जैन मंदिर सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ होकर ऐसे पांच प्रसिद्ध मंदिरों से यह यात्रा निकालकर शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए मतंगेश्वर मंदिर तक पहुंची यात्रा का मार्ग पुरानी बस्ती और स्कूल चौराहा से होकर गुजरा, जहां युवाओं में देशभक्ति का अनूठा जोश देखने को मिला। पूरे मार्ग पर %भारत माता की जय% के उद्घोष गूंजते रहे। मतंगेश्वर मंदिर पर भारत माता की आरती के साथ यात्रा का राजस्थानी कार्यक्रम के बाद समापन हुआ।



कार्यक्रम में ABVP के जिला संयोजक अभिनव चक्रवर्ती ने भारत के गौरवशाली इतिहास का स्मरण कराते हुए कहा कि आत्मगौरव भाव लेकर, देश आगे बढ़ चला है पथ सदा, हमने चुना वह, विश्व का, जिसमें भला है नित्य नूतन, प्रेरणा ले, बढ़ रहे, कोटि चरण हैं, नर ही नारायण हमारा, राष्ट्र को हम, सब शरण हैं संबोधन दिया। इस विशाल एवं भव्य तिरंगा यात्रा के दौरान स्थानीय व्यापारियों और शहर के गणमान्य नागरिकों एवं विविध संगठनों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और भाजपा नेताओं सहित कई उपस्थित रहे सभी ने राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया इस तिरंगा यात्रा में जिला प्रमुख डॉक्टर शशिकांत अवस्थी खंड कार्यवाहक ओम प्रकाश पटेल,विभाग संगठन मंत्री दीपक गुप्ता, विभाग छात्र प्रमुख कृतिका मिश्रा , नगर परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ पप्पू अवस्थी,खजुराहो मंडल अध्यक्ष गौरव सिंह बघेल, वीरेंद्र तिवारी, अरुण उपाध्याय ,जिला संयोजक अभिनव चक्रवर्ती नगर अध्यक्ष गौरव चतुर्वेदी,प्रांत कार्यकारिणी सदस्य शिवांक अवस्थी ,नगर मंत्री भाग संयोजक अनिवेश रैकवार एवं उपस्थित रूप से सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के प्राचार्य प्रभात सिंह ,इंद्रजीत दीक्षित पूर्व विभाग संयोजक विवेक सोनी , पंडित सुधीर शर्मा,धीरू सिंह बुंदेला राजकुमार द्विवेदी, गौरव अग्रवाल ,परवेंद अग्रवाल,ओम द्विवेदी हरिओम आदर्श तिवारी सुनील अभिषेक गोविंद प्रजापति जय श्रीवास मोहन रजक जिसमें सभी उपस्थित रहे।

# सरकारी जमीन पर हो रहा अतिक्रमण स्थगन आदेश के बाद भी निर्माण कार्य जारी







परिहार गर्जना न्यूज। सागर। सागर के पथरिया हाट के पास बनी पहाड़ी पर ठाकुर बाबा मंदिर के आगे सरकारी खाली जमीन पर कुछ लोगों द्वारा घर बनाकर अवैध निर्माण किया जा रहा है जिसके खिलाफ वहां पर जमीन मालिकों द्वारा इसकी शिकायत एस डी एम को की गई इसके बाद भी कार्यवाही न होने के कारण तहसीलदार कोर्ट द्वारा उस पर स्टे ऑर्डर लिया गया परन्तु उसके बाद भी वहां पर अतिक्रमण बदस्तूर जारी है । जब स्टे ऑर्डर लेने वाले व्यक्ति द्वारा उनको वहां निर्माण कार्य रोकने के लिए बोला गया तो उन्होंने उसको आस सी एक्ट में फसाने की धमकी दी ।ओर उसके बाद वह कलेक्टर के सामने जनसुनवाई में उनकी शिकायत करने पहुंच गए ।बात इसके बाद भी खत्म नहीं हुई उन्होंने एस पी से लेकर उस क्षेत्र में आने वाले थाने में भी उनकी शिकायत कर दी जिससे फरियादी ही आरोपी बनते दिख रहा है।ऐसे में सवाल ये उठता है कि आखिर न्यायालय की अवमानना कौन कर रहा हे ।

ऐसा मामला एक सामने आया कि तहसीलदार कोर्ट ने अंतरिम स्थगन आदेश दिनांक 13/10/2024को जारी किया कि हल्का पटवारी द्वारा उक्त अतिक्रमण हटाये जाने का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है।अत: ग्राम पथरिया हाद पटवारी हल्का नंबर 47 तहसील सागर की शामकीय भूमि खमन बर 614 रकबा 15.34 हे. में में 10×15-150 वर्गफुट पर किये जा रहे निर्माण कार्य को तत्काल रोके एवं मौके पर यथा स्थिति बनाये रखने हेतु आदेशित किया जाता है। परंतु इस आदेश के बावजूद भी बाद मौका स्थिति पर निर्माण कार्य चालू हे । थाना मोतीनगर सहित राजस्व निरीक्षक हल्का पटवारी को आवश्यक कार्यवाही के आदेश दिए गए थे परंतु उनके द्वारा आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं की गई ।ओर अतिक्रमण ओर बढ़ गया हे ।

## कथा व्यास पूज्य पंडित इंद्रेश उपाध्याय जी के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन सागर के बालाजी मंदिर प्रांगण में 30 जनवरी से 05 फरवरी तक



परिहार गर्जना न्यूज। सागर। आगामी 30 जनवरी से 5 फरवरी तक दोपहर 2.30 से 6 बजे तक कथा व्यास पूज्य पंडित इंद्रेश उपाध्याय जी के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन धर्मश्री स्थित बालाजी मंदिर परिसर, सागर में किया जायेगा।

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्य यजमान विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के लिए सागर नगर के प्रत्येक घर में आमंत्रण पहुंचाने का प्रयास हमने व्यक्तिगत एवं समिति सदस्यों व कार्यकर्ताओं के माध्यम से किया है। इस आयोजन में सभी भक्तजन सादर आमंत्रित है। आगंतुकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कथा स्थल पर आवश्यकता अनुसार समूची व्यवस्थायें की गई है। लगभग 40000 वर्ग फीट में जल रोधक पंडाल तैयार किया गया है, जिसमें आकर्षक मंच और भव्य व्यास पीठ के साथ कथा में वृंदावन सहित अन्य स्थानों से संत भी पधार रहे हैं, जिनके लिए विशेष गादी का निर्माण किया जा रहा है। संगीतमय कथा में संगीतकारों के लिए भी पृथक से व्यवस्था रहेगी। कथा स्थल पर पूज्य गुरुदेव के सुगमता पूर्वक दर्शन हेतु बड़ी बड़ी स्क्रीन लगाई जा रही है। मुख्य यजमान विधायक जैन ने कहा कि, सप्त दिवसीय कथा आयोजन में हम सभी भक्तजनों को पूज्य पंडित इंद्रेश उपाध्याय जी महाराज के साथ पूज्यनीय गोस्वामी श्रीहित मोहित मराल जी (तिलकायत अधिकारी, ठा.श्री राधावल्लभ सम्प्रदाय, वृंदावन धाम), युवराज श्रीहित षोभित गोस्वामी जी (ठाकुर श्री राधावल्लभ जी, वृंदावनधाम), पूज्य पुण्डरीक गोस्वामी जी (ठाकुर श्रीराधारमण जी, वृंदावन धाम), पूज्य स्वामी श्री 1008 श्री किषोरदास देव जू महाराज (ठा. श्री गौरीलाल जू की कुंज श्रीधाम वृंदावन) के साथ अन्य अंतरराष्ट्रीय/राष्ट्रीय संतजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। संतजनों के आगमन की जानकारी व पूर्ण कार्यक्रम आपको प्रथक से जारी किया जायेगा। आयोजन में मिस एषिया टूरिज्म यूनिवर्स 2018 रह चुकी एवं युवाओं की रोल मॉडल कु. तान्या मित्तल जी एवं मंत्रीगण, सांसद, विधायक राष्ट्रीय/प्रदेश पदाधिकारी सहित विभिन्न क्षेत्रों से ख्याति प्राप्त विशिष्ट गणमान्यजन शामिल होंगे।

## रानी अवंती बाई लोधी राजकीय विश्वविद्यालय की अधिकृत वेबसाईट का कुलगुरु प्रो मिश्रा ने किया अनावरण

परिहार गर्जना न्यूज। सागर/ रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय, सागर की अधिकृत वेबसाईट का अनावरण विवि के कुलगुरु प्रो. विनोद कुमार मिश्रा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह वेबसाईट विवि की सूचनाओं और ज्ञान के संचार का माध्यम बनकर काम करेगी।



अनावरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलगुरु प्रो मिश्रा ने कहा कि विवि की यह वेबसाईट विद्यार्थियों को प्रवेश, परीक्षा एवं पाठ्यक्रम आदि की सुविधाओं की दृष्टि से एक सुविधाजनक स्थल साबित होगा। विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो. शक्ति जैन ने इस अधिकृत वेबसाइट के निर्माण के लिए एमपी ऑनलाइन के अधिकारियों की सराहना की तथा सभी आवश्यक जानकारियाँ अपडेट करने का आग्रह किया। इस अवसर पर सहायक कुलसचिव पंचम सनौडिया, प्रो. रजनी दुबे, डॉ. मिथलेश शरण चौबे, डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव, डॉ. एम. के. मिश्रा, डॉ भावना पटेल, डॉ मुकेश अहिरवार, डॉ स्वर्णलता तिवारी, डॉ. सिद्धि त्रिपाठी, डॉ. दिनेश अहिरवार, आर्यन राजपूत, आकाश कोरी एवं एमपी ऑनलाइन से प्रशांत ठाकुर, अभय कर्ण, सुरेंद्र चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

## हमें अपने संविधान का सम्मान करना चाहिए और देशप्रेम को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए-अशोक मिश्रा

### -भारत माता की जय तथा वंदे मातरम् के नारों से विद्यालय प्रांगण गूंज उठा

### -डी.ए.बी बीआर पब्लिक स्कूल में 76वें गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/डी.ए.वी बीआर पब्लिक स्कूल में 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई, जिसे मुख्य अतिथि हरदीप सिंह जी (एल.एम.सी चेयरमैन)और विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से संपन्न किया। ध्वजारोहण के पश्चात सभी उपस्थित जनों ने राष्ट्रगान के साथ साथ तिरंगे को सलामी दी और 卐भारत माता की जय卐 तथा 卐वंदे मातरम्卐 के नारों से विद्यालय प्रांगण गूंज उठा। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती विनीता मिश्रा उपस्थित रहे। इस अवसर पर गणित शिक्षिका अमरजीत राय की संयोजना से छात्रों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मधुर गीतों के साथ-साथ हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत में छात्रों ने प्रेरक भाषण दिए। कार्यक्रम में योग नृत्य और छोटे बच्चों द्वारा एक आकर्षक नृत्य प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। इसके अतिरिक्त नेताजी का तुलादान पर आधारित एक प्रेरणादायक नाट्य प्रस्तुति भी दी गई, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। प्राचार्य अशोक कुमार मिश्रा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केवल गणतंत्र दिवस मनाने या नृत्य-कार्यक्रम प्रस्तुत करने से हमारी जिम्मेदारी समाप्त नहीं होती। हमें अपने संविधान का सम्मान करना चाहिए और देशप्रेम को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।यह आयोजन देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता के संदेश को मजबूती से स्थापित करने में सफल रहा। कार्यक्रम का समापन विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती अंजना यादव के धन्यवाद और शान्ति पाठ के साथ समापन हुआ।



# नर्सिंग कालेज छात्राओं ने किया हंगामा, कालेज प्रबंधन पर उठाए सवाल

## कालेज स्टाफ ने उठाए छात्राओं पर हाथ, सौंपा पुलिस को ज्ञापन



**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। नगर के एक चर्चित नर्सिंग कालेज में हंगामा होने के बाद से शहर में प्रबंधन को लेकर नाराजगी देखी जा रही है। सेंटर में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने स्टाफ द्वारा की गई गाली-गलौज और मारपीट पर नाराजगी जाहिर करते हुए जिला प्रशासन से मामले पर संज्ञान लेते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने और संस्थ्रान द्वारा ली गई फीस वापिस दिलाए जाने की मांग की है। शहर के राय नर्सिंग कॉलेज में छात्राओं के साथ मारपीट का वीडियो सामने आया है। नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने कोतवाली पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है। छात्रों का आरोप है कि एडमिशन के 3 साल बाद भी कॉलेज प्रबंधन की ओर से एग्जाम नहीं कराई जा रहे हैं। छात्रा पर हाथ उठाती अकाउंटेंट रजनी घोष का वीडियो वायरल होने के बाद से आम नागरिकों में भी यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। राय नर्सिंग कॉलेज की स्टूडेंट सुषमा ने बताया कि राय नर्सिंग कॉलेज में साल 2022 में एडमिशन लिया था। पिछले तीन साल से जेएनएम से पढ़ाई कर रहे हैं। हमारे दो साल से पेपर नहीं कराए गए। कॉलेज का स्टाफ बार-बार फीस के लिए परेशान करता है। आज जब छात्र-छात्राओं ने इनरोलमेंट मांगा तो स्टाफ ने गाली.गलौज की। इस दौरान जब छात्र वीडियो बनाने लगे तो उनके साथ मारपीट की गई। छात्रा से कॉलेज परिसर में हाथापाई करती कॉलेज की अकाउंटेंट का वीडियो वायरल होने से मामले की सच्चाई सामने आई। हालांकि पुलिस मामले की जांच का आश्वासन दे रही है। छात्राओं का कहना है कि डायरेक्टर को राजनैतिक संरक्षण मिला होने से उनके और स्टाफ के हौसले बुलंद है। वह बेखौफ होकर मनमानी करने में लगे हैं। छात्राओं ने अपने भविष्य को लेकर भी चिंता जाहिर की है।

***कॉलेज डॉयरेक्टर हैं बेखौफ***

छात्र-छात्राओं का कहना है कि हमारे ओरिजिनल डॉक्यूमेंट कॉलेज में जमा है। आज कॉलेज के डायरेक्टर डॉ विनोद राय की मौजूदगी में स्टाफ में पदस्थ रजनी घोष ने हाथ उठाया और जाति सूचक शब्द कहे। इस दौरान रजनी घोष ने छात्रों से कहा कि जहां एफआईआर करना हो कर दो। हमारा कोई भी कुछ नहीं बिगाड़ सकता। कॉलेज के डायरेक्टर विनोद राय भाजपा नेता डॉ बीके राय के छोटे भाई हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में विनोद राय बसपा से टीकमगढ़ से चुनाव लड़े थे।



***छात्राओं ने मांगी फीस वापस-***

नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं का कहना है कि हमारे ओरिजिनल डाक्यूमेंट्स और फीस वापस करा दी जाए। हमें कॉलेज में एडमिशन नहीं लेना है। उन्होंने कोतवाली पहुंचकर मारपीट की शिकायत दर्ज कराई और पुलिस से फीस वापस कराए जाने की मांग की। छात्राओं का कहना है कि कालेज प्रबंधन लगातार मनमानी करता आ रहा है। उनके द्वारा लगातार फीसतो बसूली जा रही है, लेकिन परीक्षा नहीं कराई जा रही है।

***जांच का दिया आश्वासन-***

छात्राओं के साथ की गई अभद्रता और मारपीट के मामले को लेकर छात्राओं और उनके अभिभावकों ने नाराजगी जाहिर की है। मारपीट के इस मामले में कोतवाली थाना प्रभारी पंकज शर्मा का कहना है कि नर्सिंग कॉलेज स्टूडेंट ने प्रबंधन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। एक छात्रा के साथ मारपीट करने का वीडियो भी दिखाया है। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है। अब देखना है कि पुलिस प्रशासन बढ़ते राजनैतिक दवाब के बाद क्या कार्रवाई करता है। छात्राओं ने कहा है कि कालेज प्रबंधन की मनमानी और गलत रवैए के कारण उनमें असंतोष व्याप्त है।

### पहले सेमीफाइनल में जम्मू कश्मीर का सामना हरियाणा से होगा -

# जेरोंन महोत्सव सच्ची खेल भावना और परस्पर सहयोग का अनूठा मंच- विनोद जैन

## अंतरराजीय क्रिकेट टूर्नामेंट में पूल-ए के दूसरे मुकाबले में हरियाणा ने मध्यप्रदेश को हराया

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। सौरभ खरे। जेरोंन महोत्सव के सौलहवे संस्करण जेरोंन महोत्सव-2025 में दूसरे दिन का आकर्षण शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग के खेलप्रेमी अधिकारियों के नाम रहा। जहाँ डॉ गजेन्द्र निरंजन, ब्लाक चिकित्सा अधिकारी पृथ्वीपुर, डॉ जितेंद्र यादव आयुष चिकित्सा अधिकारी, पृथ्वीपुर, डॉ पवन अहिरवार, प्रभारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जेरोंन, डॉ रोहित जैन, चिकित्सा अधिकारी जेरोन और डॉ अभिषेक पस्तोर चिकित्सा अधिकारी राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम पृथ्वीपुर, डॉ अरविन्द साहू आयुष चिकित्सा अधिकारी जेरोंन और स्वास्थ्य कार्यकर्ता नवीन चतुर्वेदी ने मिलकर स्वास्थ्य विभाग का प्रतिनिधित्व किया। वहीं वीरप्रताप दांगी संकुल प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जेरोंन, कृष्णकुमार बिदुआ, प्राचार्य शासकीय पीएम कन्या हाईस्कूल जेरोंन, जयदेव पाण्डेय शिक्षक जेरोंन एवं आईटीआई जेरोन के प्राचार्य आदित्य पाराशर ने जेरोंन महोत्सव में शिक्षा जगत से अलख जगाने का कार्य किया। उपस्थित सभी अतिथियों ने विधिवत रूप से राष्ट्रीय ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का आगाज किया व पूल ए के दूसरे लीग मैच में खेलने वाली दोनों टीमों मध्यप्रदेश और हरियाणा के खिलाडियों का अभिवादन और उत्साहवर्धन कियाद्य दिन के दूसरे सत्र में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पृथ्वीपुर विनोद जैन ने मुक्त कंठ से जेरोंन महोत्सव की सराहना करते हुए कहा कि ये सच्ची खेलभावना और परस्पर सहयोग का अनूठा मंच हैए जो क्षेत्र के सामाजिक विकास के लिए निर्णायक साबित होगा।



जेरोंन महोत्सव-2025 के दूसरे दिन प्रारम्भिक सत्र में अपने विचार व्यक्त करते हुये सर्वप्रथम डॉ अरविन्द साहू, आयुष चिकित्सा अधिकारी जेरोंन ने कहा कि क्षेत्र की शान बन कर इस महोत्सव ने हमेशा लोगो को मंच प्रदान कर अपना कौशल दिखाने का अवसर दिया है। हम आशा करते है कि आने वाले वर्षो में यह महोत्सव सफलता के नए सोपान लिखेगा। ब्लाक चिकित्सा अधिकारी पृथ्वीपुर डां गजेन्द्र निरंजन ने महोत्सव की सराहना करते हुये इस आयोजन को युवा पीड़ी के लिये एक मार्गदर्शक बताया। उन्होंने कहा की जेरोंन महोत्सव सांप्रदायिक सद्भाव व युवा चेतना का मंच हैद्य डॉ रोहित जैन ने स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस महोत्सव में अपना पूरा सहयोग प्रदान करने की बात कही। स्वास्थ्य विभाग के उपरांत शिक्षा जगत की ओर से संबोधन की शुरुआत करते हुए आईटीआई जेरोन के प्रचार्य आदित्य पाराशर ने सफल आयोजन की बधाई देते हुए जानकारी कि जल्द ही करीब 6 एकड़ में नयी आईटीआई बनकर तैयार होगी, जो 6 ट्रेड में तकनिकी शिक्षा प्रदान करेगी और पढ़ने वाले शिक्षार्थियों को रोजगार भी उपलब्ध करवाने में मदद की जायेगी। वहीं जीवन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शासकीय पीएम कन्या हाईस्कूल जेरोंन के प्राचार्य कृष्णकुमार बिदुआ ने बच्चे और विशेषकर बच्चियों को उनकी आत्मनिर्भरता और बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा जरुर दिलाने पर जोर दिया। उसके बाद वीरप्रताप दांगी, संकुल प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जेरोंन ने महोत्सव समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा की जेरोंन महोत्सव एक साफ-सुथरा आयोजन है जो एकता, भाईचारे और समर्पण की मिसाल पेश करता है। ज्यादा से ज्यादा युवा इस आयोजन से जुड़ें। आयोजन को नयी ऊचाईयों तक ले जाना चाहिये।

***दर्शकों ने उठाया खेल का लुत्फ-***

जेरोंन महोत्सव-2025 के पूल-ए के दूसरे मैच में खेल रही हरियाणा की टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले मध्यप्रदेश की टीम को गेंदबाजी के लिये आमंत्रित किया। वहीं दूसरी ओर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हरियाणा की टीम की शुरुआत रोमांचक रही। हरियाणा के सलामी बल्लेबाजों आकाशदीप और रूद्र दोनों ने अच्छी शुरुवात देते हुए 37 रनों की साझेदारी करी। पहले आउट होने वाले बल्लेबाज आकाशदीप ने 5 चौकों और 1 छक्के के साथ 11 गेंदों पर ताबड़तोड़ 28 रन बनाये। उसके बाद उतरे बल्लेबाज देव ने भी 5 चौको और 1 छक्के के सम्मिश्रण से 17 गेंदों पर 32 रन ठोक डाले। जबकि बल्लेबाज गर्वित ने 18 गेंदों पर चार चौको के साथ 24 रन अपने स्कोरबोर्ड में जोड़े। हरियाणा के कप्तान राहुल जैक्सन ने गंभीर खेल का प्रदर्शन करते हुए पारी के सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज राहुल कोष्टा का बखूबी साथ दिया और 20 गेंद पर 2 छक्के लगा 19 रन से पारी को आगे बढाया। सार्वाधिक 41 रन बनाने वाले हरियाणा के बल्लेबाज राहुल कोष्टा ने 33 गेंदों पर 6 चौके लगा अपनी टीम के कुल स्कोर को निर्धारित 20 ओवर के खेल में 6 विकेट के नुकसान पर 202 रन तक पहुंचाया। हरियाणा की बल्लेबाजी के अलावा मध्यप्रदेश के कमजोर क्षेत्ररक्षण की वजह से हरियाणा को 29 अतरिक्त रन मिले। मध्यप्रदेश के छोर से गेंदबाजी की कमान सँभालते हुए कप्तान प्रकाश शर्मा ने अपने चार ओवर में 22 रन देकर हरियाणा के तीन विकेट अपनी झोली में किये। उनके साथी गेंदबाजों राज कुमार, ज्ञानेश्वर और तौसीफ सभी ने हरियाणा के एक-एक विकेट लिए। बाद में गेदबाजी करने उतरी हरियाणा की टीम ने बल्लेबाजी में बनाये अपने 202 रन के बचाव में बढ़िया सधी हुयी गेंदबाजी करते हुए मध्यप्रदेश की पूरी टीम को 14.5 ओवर में 101 रनों पर निपटा कर 101 रनों की जीत के साथ मैच अपनी झोली में कर लिया। हरियाणा के सामने बल्लेबाजी करने उतरी मध्यप्रदेश की टीम के बल्लेबाज निर्मल के अलावा कोई भी बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका। निर्मल ने 28 गेंदों पर 30 रन बनाये। हरियाणा की गेंदबाजी में कप्तान राहुल जैक्सन ने 2.5 ओवर में 14 रन देकर मध्यप्रदेश के 3 बल्लेबाजो को सस्ते में निपटाया। उनका साथ देते हुए गेंदबाज अमित राजपूत ने अपने 3 ओवर में 17 रन पर मध्यप्रदेश के 5 बल्लेबाज चटका कर मैच अपनी टीम की झोली में कर लिया। अमित राजपूत को उनके हरफन मौला प्रदर्शन के लिये मैंन ऑफ दा मैच घोषित किया गया। पूल-ए के अंतर्गत खेला जाने वाला अंतर्राज्जीय क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला सेमी फाइनल बुधवार को पहले मैच की विजेता जम्मू कश्मीर व मंगलवार को खेले गये दूसरे मैच में मध्य प्रदेश को हराने वाली टीम हरियाणा के बीच खेला जाना है।

# बोर्ड परीक्षाओं के लिए उड़नदस्ता दल गठित

ऋषि मिश्रा

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना 28 जनवरी। माध्यमिक शिक्षा मंडल की आगामी 25 एवं 27 फरवरी से प्रारंभ होने वाली हायर सेकेण्डरी एवं हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षाओं के व्यवस्थित संचालन, परीक्षा केन्द्रों पर कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा नकल की रोकथाम के लिए उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। जिला कलेक्टर द्वारा जिले के 48 परीक्षा केन्द्रों के लिए 5 उड़नदस्ता दल गठित किए गए हैं। गठित दल में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है, जिसके तहत पन्ना अनुविभाग के लिए गठित दल में एसडीएम संजय कुमार नागवंशी, प्रभारी तहसीलदार अखिलेश प्रजापति एवं ज्योति राजपूत, गुनौर अनुविभाग के लिए गठित दल में एसडीएम रामनिवास चौधरी, प्रभारी तहसीलदार रत्नराशि पाण्डेय एवं आशुतोष मिश्रा, पवई अनुविभाग के लिए गठित दल में एसडीएम समीक्षा जैन एवं प्रभारी तहसीलदार प्रीति पंथी, शाहनगर अनुविभाग के लिए गठित दल में एसडीएम श्रुति अग्रवाल, प्रभारी तहसीलदार कोमल सिंह एवं चन्द्रमणि सोनी तथा अजयगढ़ अनुविभाग के लिए गठित दल में एसडीएम अलोक मार्को एवं प्रभारी तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार अहिरवार शामिल हैं। समस्त अधिकारियों को आवंटित परीक्षा केन्द्रों का सतत भ्रमण कर निरीक्षण रिपोर्ट जिला शिक्षा अधिकारी को प्रेषित करने तथा किसी अप्रिय स्थिति पर तत्काल नियमानुसार कार्यवाही करने और माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देशों के तहत परीक्षा संपादित कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

***संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों के लिए प्रेक्षक की नियुक्ति***

जिला कलेक्टर द्वारा जिले के संवेदनशील एवं अति संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों के लिए प्रेक्षकों की नियुक्ति भी की गई है। जनपद पंचायत सीईओ पन्ना आनंद शुक्ला को परीक्षा केन्द्र शासकीय मनहर कन्या उ.मा. विद्यालय पन्ना, रोहित मालवीय को शासकीय उ.मा. विद्यालय बोरी, अखिलेश उपाध्याय को शासकीय उ.मा. विद्यालय सिमरिया, धीरज चौधरी को शासकीय उ.मा. विद्यालय सुनवानीकला, सतीश नागवंशी को शासकीय उ.मा. विद्यालय खोरा तथा कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग पन्ना बी.डी. कोरी को शासकीय उ.मा. विद्यालय मोहन्द्रा परीक्षा केन्द्र में प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

## जनसुनवाई में आए 18 आवेदन



परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना 28 जनवरी। जिला मुख्यालय पर कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 18 आवेदन आए। संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम ने जनसुनवाई में आम लोगों की समस्याएं सुनीं। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज जनसुनवाई हुई।

## जनसंपर्क विभाग द्वारा टाउन हॉल में लगाई गई प्रदर्शनी

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस की संध्या एवं लोकतंत्र के लोक उत्सव भारत पर्व के अवसर पर स्थानीय टाउन हॉल में जिला जनसंपर्क कार्यालय पन्ना द्वारा छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में केन्द्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं, नीतियों, उपलब्धियों के साथ आगे बढ़ते मध्यप्रदेश के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों को प्रदर्शित किया गया था। छायाचित्र प्रदर्शनी में संविधान की जानकारी भी दी गई। प्रदर्शनी को भारत पर्व कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों सहित अन्य लोगों ने भी देखा और सराहा। साथ ही स्कूली बच्चों, शिक्षकों, गणमान्य एवं आम नागरिकों और पत्रकारगण ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से महत्वाकांक्षी योजनाओं सहित प्रदेश सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल में उपलब्धियों की जानकारी भी दी गई थी।

## जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना। नेहरू युवा केन्द्र पन्ना के तत्वाधान में नजरबाग स्टेडियम में फिट इंडिया के तहत जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 100 मीटर महिला दौड़ में प्रियल गुप्ता ने प्रथम, काजल कुशवाहा ने द्वितीय एवं किरण कुशवाहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह बालक 200 मीटर दौड़ में दीपेन्द्र लाड़िया ने प्रथम, प्रियेश जाटव ने द्वितीय, भूपेन्द्र कुशवाहा, रोहित द्विवेदी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक गोला फेंक में मुकद्दम सिंह बुंदेला ने प्रथम, प्रियेश जाटव ने द्वितीय एवं मानवेन्द्र सिंह ने तृतीय स्थान तथा बालिका वर्ग में काजल कुशवाहा ने प्रथम, श्रद्धा पाण्डेय ने द्वितीय एवं रूचि कुशवाहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रस्साकसी में डीएसवायडब्ल्यू टीम विजेता एवं सर्वोदय स्कूल द्वितीय स्थान पर रही। खो-खो बालिका वर्ग में डीएसवायडब्ल्यू टीम विजेता एवं मनहर बालिका विद्यालय उप विजेता रही। अतिथियों द्वारा सभी विजेता एवं उप विजेता प्रतिभागियों को पुरूस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

## दस्तावेज परीक्षण 10 फरवरी को

पन्ना 28 जनवरी। पटवारी भर्ती परीक्षा 2022 के माध्यम से चतुर्थ काउंसलिंग के लिए चयनित अभ्यर्थियों का दस्तावेज परीक्षण व सत्यापन 10 फरवरी को होगा। इसके लिए चयनित अभ्यर्थियों को वांछित दस्तावेजों की मूल प्रति एवं दो-दो स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 125 में सुबह 10 बजे उपस्थित होने के संबंध में सूचित किया गया है। अभ्यर्थियों को एमपी ऑनलाइन पर अपना प्रोफाइल क्रिएट कर दस्तावेज अपलोड करना भी जरूरी है।

## 15 दिवसीय प्रशिक्षण 30 जनवरी से

पन्ना 28 जनवरी। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कक्ष क्रमांक 37 में स्थापित ई-दक्ष केन्द्र में 30 जनवरी से 20 फरवरी तक साइबर सिक्योरिटी सहित बेसिक कम्प्यूटर, हिन्दी टाइपिंग, यूनीकोड, इंटरनेट एवं ईमेल विषय पर 15 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। इस पूर्ण दिवसीय प्रशिक्षण का समय सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक निर्धारित है। प्रशिक्षण में विभिन्न विभागों के 19 प्रशिक्षणार्थी शामिल होंगे।

## सुमित तिवारी को सौंपा सिमरिया तहसीलदार का प्रभार

पन्ना 28 जनवरी। संभागायुक्त द्वारा गत 24 जनवरी को प्रभारी तहसीलदार सिमरिया कैलाश प्रसाद कुर्मी को निलंबित किए जाने के फलस्वरूप प्रशासकीय कार्य सुविधा के दृष्टिगत तहसीलदार का प्रभार तत्काल प्रभाव से नायब तहसीलदार सुमित तिवारी को सौंपा गया है। जिला कलेक्टर द्वारा प्रशासकीय कार्य सुविधा के दृष्टिगत प्रभार सौंपा गया है।

# भारत का गणतंत्र लोकतंत्र विश्व मे सर्वश्रेष्ठ है-अनिल ओझा

**-हम देशवासियों को इन मूल्यों को अपने जीवन में स्थापित करना चाहिए- सुजीत क्लॉडियस**

**-संविधान काव्य गोष्ठी मे कवियों ने किया कविता पाठ**

**-वरिष्ठ संविधान दूतों को, संक्षिप्त संविधान की पुस्तिका भेंट की**



परिहार गर्जना न्यूज। बीना- राष्ट्रीय पर्व पर गणतंत्र दिवस की पावन बेला के उपलक्ष्य मे जश्ने गणतंत्र कार्यक्रम के अंतर्गत, संविधान की गाथा अभियान के तहत, संविधान काव्य गोष्ठी का आयोजन, संवैधानिक मूल्यों को जानें, मानें ओर जिऐं हेतु काम कर रही, सामाजिक संस्था शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह एवं आजाद क्रांति युवा मंडल बीना द्वारा होटल मून के क्लाडियस सभागार में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी अनिल ओझा थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व कैप्टन दादा महेश दत्त तिवारी ने की, विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी सुजीत क्लाडियस, बैनी प्रसाद सेन, महाविद्यालय के मोहम्मद रफीक शेख सर, वरिष्ठ कवि महेंद्र अभागा थे। सर्वप्रथम सभी अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर, पूजन अर्चन कर, दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कवि दादा रामदास नामदेव ने सरस्वती एवं गणेश वंदना कर काव्य पाठ आरंभ किया। कवि किशन छलिया ने, संविधान की आजादी ने भारत को नवगणतंत्र बनाया है गीत गाया। कवि सीताराम चौरसिया ने कविता विश्व मे सबसे बडा है हमारा संविधान, सबसे प्यारा न्यारा हमारा संविधान, का पाठ किया। हिमांशु राजपूत ने, मैं भारत का संविधान हूँ सब को राह दिखाता हूँ। कवि मूलचंद सेन ने गीत हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, पठान है, यहां ना भेद जाति पाती का यही तो संविधान है गाया। वरिष्ठ कवि महेंद्र अभागा ने कविता जन से गण को, गण से मन को, आज मिलते हैं, चलो हम सब मिलकर गणतंत्र मानते हैं, सुनाई। उमेश शर्मा ने प्यारा भारत देश महान, हमको इस पर है अभियान, कविता का पाठ किया। रामस्वरूप पाल ने, खुद को मिटा गए जो अपना राष्ट्र बचाने में, कविता का पाठ किया। एड. एम. एल नामदेव ने कोटि कोटि आंखों का तारा, अमर रहे गणतंत्र हमारा गीत गाया। मोहम्मद रफीक शेख ने फना होने की इजाजत ली नहीं जाती, यह वतन की मोहब्बत है जनाब पूछकर कि नहीं जाती, शेर पढा।

रविशंकर अवस्थी ने यह हमारा संविधान है, जान से प्यारा मान हमारा भारत की शान है कविता का पाठ किया। गायिका रितु राजा बुन्देला ने देशभक्ति गीत मुझे इश्क है वतन से वतन पे मिटने वाले वीरों से गाया। श्रीमती रिचा राजपूत ने कविता चलो हम तिरंगा फहराएं, संविधान सभी को बताएं का पाठ किया।वरिष्ठ कवि राधेश्याम जोशी ने देश के खातिर जो मिट जाए, उसका नाम जवानी है कविता का पाठ किया। कवि राकेश बबेले ने जीवन जीने की कला हमें संविधान सिखाता है गीत गाया। नारायण चौधरी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता का भाव जगाता हमारा संविधान कविता का पाठ किया। मंच संचालन सीताराम चौरसिया एवं मूलचंद सेन ने किया। एडवोकेट श्याम लाल पटैल ने हम गणतंत्र दिवस मनाएंगे हर जगह तिरंगा लहराएंगे कविता का पाठ किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल ओझा ने नया वर्ष खुशियों को आया आज तिरंगा है फहराया आज खुशी का नहीं ठिकाना भेदभाव को दूर भगाना, संविधान हमे सिखाता है, कविता का पाठ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं दादा महेश दत्त तिवारी ने बताया कि भारत का गणतंत्र विश्व में सर्वश्रेष्ठ है संपूर्ण देश संविधान के अनुसार ही चलता है। विशिष्ट अतिथि बैनी प्रसाद सेन ने जो जन-जन की पहचान है जो भारत देश की शान है, जो समता, बंधुता की राह दिखाता है, ऐसा हमारा संविधान है, कविता का पाठ किया। विशिष्ट अतिथि वरिष्ट सामाजसेवी सुजीत क्लाडियस ने बताया कि संवैधानिक मूल्य न्याय स्वतंत्रता, समता, बंधुता, गरिमा, समानता, हम देशवासियों को इन मूल्यों को अपने जीवन में स्थापित करना चाहिए।

कवि धर्मेंद्र नामदेव ने संविधान का मूल मंत्र न्याय, गरिमा और समानता है, कविता का पाठ किया।सांस्कृतिक कार्यक्रम मे दृष्टि दुलगज,आर्दश दुलगज ने गीत ऐ मेरे वतन के लोगो जरा आंख मे भर लो पानी गाया। परी अहिरवार, सना खांन ने, तेरी मिट्टी में मिल जावा गाने पर डांस किया। अंत में सभी का आभार कार्यक्रम संयोजक में उमेश शर्मा एवं धर्मेंद्र नामदेव ने माना इस अवसर पर एड.प्रीति लखेरा,रितु राजा बुन्देला, प्रियंका बुन्देला, दीपा अहिरवार, कीर्ति सोनी, दीक्षा बुंदेला, धर्मेंद्र नामदेव, अवतार सिंह अरोरा, आर. के. जैन, हेमंत गोलनदाज, विक्की दुलगज, रमेश नामदेव, महेश प्रजापति, प्रशांत दुलगज, एड. रतिराम पटैल, जगत सिंह यादव, विजय शर्मा के साथ साथ अनेक लोग उपस्थित थे। संविधान काव्य गोष्ठी में उपस्थित वरिष्ठ संविधान दूतों के लिए, संवैधानिक मूल्यों को जानें, मानें ओर जिऐं के उद्देश्य की प्राप्ति हेतु, महाविद्यालय के मोहम्मद रफीक शेख सर ने 16 संक्षिप्त संविधान की पुस्तिका भेंट की गई सभी कवियों एवं संविधान दूतों का, पुष्पहार, तिरंगा पट्टी पहनाकर एवं डायरी पेन भेंट कर सम्मान भी किया गया, अंत में सभी ने सामूहिक सास्वर राष्ट्रगान गाया तथा भारत के संविधान की उद्देशिका की शपथ ली।

# राज्यमंत्री श्री पटेल ने अपने कार्यालय पर आमजन की सुनी समस्याएं





**राजकुमार दुबे**


परिहार गर्जना न्यूज। दमोह - 28 जनवरी । प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने दमोह स्थित कार्यालय पर आमजन की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान जनप्रतिनिधिगण, पंचायत प्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक और आमजन मौजूद रहें।

# शासकीय नवीन कन्या हाई स्कूल अभाना के विद्यार्थियों ने कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर से की मुलाकात



परिहार गर्जना न्यूज। दमोह। शासकीय नवीन कन्या हाई स्कूल अभाना के विद्यार्थियों ने कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर से मुलाकात की। कलेक्टर श्री कोचर ने विद्यार्थियों को जीवन में प्रगति करने के लिए मार्गदर्शन दिया और आत्मविश्वास का मंत्र दिया। उन्होंने कहा दृढ़ संकल्प ले कि हमें आगे बढ़ना है तो कोई आपको प्रगति से रोक नहीं सकता। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य डॉक्टर आलोक सोनवलकर, शिक्षिका वीणा नेमा और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में 230 आवेदनों पर हुई सुनवाई



*परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 28 जनवरी। जिले भर से आये नागरिकों ने आज जनसुनवाई में अपनी समस्याएं कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के समक्ष रखी। इस दौरान सामान्य जनसुवाई में 230 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 40 आधार कार्ड, 03 आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आवेदन प्राप्त हुए एवं 173 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।*

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा जबेरा से एक साधारण परिवार से रितिक जन सुनवाई में आया था और उसके पास बैग नहीं था और लग रहा था कि उसके पास कॉपी किताबें भी नहीं है। रितिक बहुत ही निर्धन परिवार का था। उसकी माता जी की मृत्यु सर्पदंश से हो गई थी, उस केस के लिए वो परेशान था, उसके परिवार के लोग भी आये हुए थे। कलेक्टर



श्री कोचर ने कहा हमे जनता से, सभी जगहों से, शहर के नागरिको से स्लेट, पेंसिल, पेन, बैग, बच्चों की स्टडी के लिए मिल रहे हैं और उसका उद्देश्य यही था की वो ऐसे बच्चों को दिए जाए जिनको वाकई में उनकी जरूरत है, तो आज जन सुनवाई में एक ऐसा केस था तो हमने उन्हें वहाँ पर उसको यहीं पर प्रदान किया।

हिनोती खेत सिंग से आई कक्षा तीसरी की छात्रा उमा *लोधी* ने कहा कलेक्ट सर ने बैग, और कॉपी-किताब दी है और अच्छे से पढ़ाई करने के लिये भी कहा है।

इस दौरान एडीशनल कलेक्टर मीना मसराम और लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा से की सौजन्य भेंट

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह - भारतीय जनता पार्टी जिला दमोह के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने प्रदेश भाजपा कार्यालय भोपाल में प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा से सौजन्य भेंट की इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने जिला अध्यक्ष को उनके निर्वाचन पश्चात अध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं एवं बधाई दी साथ ही भविष्य के लिए संगठनात्मक दृष्टि से सुझाव दिये। जिला अध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्ष को आभार प्रकट करते हुए आश्वस्त किया कि वह संगठन द्वारा निर्धारित सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर कार्य करेंगे एवं भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनहितैषी योजनाओं को जन जन तक पहुंचने का कार्य करेंगे।



# राज्यमंत्री श्री पटेल ने ग्राम बोतराई में ग्रामवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना

## शोकाकुल परिवारों से मिले, शोक संवेदनाएं व्यक्त की



परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 28 जनवरी। प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल विधानसभा क्षेत्र पथरिया के ग्राम बोतराई में ग्रामवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना एवं यहां ग्रामवासियों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। साथ ही पूर्व सरपंच प्रेम पटेल की दादी जी के निधन पर, जगन्नाथ यादव की माता जी के निधन पर, तीरथ आदिवासी की माता जी के निधन पर परिवार के साथ बैठकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। इस दौरान जनप्रतिनिधिगण, पंचायत प्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक और ग्रामवासी मौजूद रहें।

# खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा दमोह शहर स्थित विभिन्न दूध डेरियों का किया गया औचक निरीक्षण

## दुग्ध शीत केंद्र एवं दूध डेयरी से गाय भैंस का मिश्रित दूध एवं टोंड दूध के लिए गए नमूनें




परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 28 जनवरी । कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल द्वारा दमोह शहर में निरीक्षण कार्यवाही करते हुए गाय भैंस का मिश्रित दूध एवं टोंड दूध के नमूनें जांच हेतु लिए गये। कार्यवाही में दमोह शहर में जबलपुर नाका, एम पी ई बी गेट के सामने स्थित श्री कृष्ण दूध धारा का निरीक्षण करके गाय भैंस का मिश्रित दूध, सिंधी कैंप, सिविल वार्ड नंबर 9 स्थित यादव दूध डेयरी एवं मिल्क चिलिंग सेंटर से गाय भैंस का मिश्रित दूध एवं कोतवाली चौराहा स्थित लोकमन फूड्स से नरेंद्र डेयरी ब्रांड ताज़ा टोंड दूध के नमूनें जांच हेतु लिए गए। इन दूध के नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर इस संबंध में नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। सभी दूध डेयरी संचालकों को आम उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं सुरक्षित दूध उपलब्ध करवाने के निर्देश मौके पर दिए गए।

# वृंदावन में भूमाफियाओं का आतंक, आखिर कब मिलेगा छुटकारा



आलोक तिवारी

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा ब्रज धाम का सबसे पावन धाम वृंदावन को कहा जाता है। पर बढ़ते जमीनों के कब्जों से तो लगता है कि मानो वृंदावन धाम की छवि को ग्रहण लग गया हो। इस समय जितनी भीड़ वृंदावन में देखने को मिल रही है उससे कही ज्यादा आश्रमों,खाली पड़े प्लॉटों पर कब्जों के मामले देखे जा सकते है। इन भूमाफियाओं के हौसले इतने बुलंद है कि ये अपने आगे न तो किसी कोर्ट को मानते है और न ही किसी प्रशासन को । इनका सिर्फ एक ही मकसद रहता है कि कौन सी जमीन बाहर के व्यक्ति की है और कौन सी जमीन बाबा जी की है। बस इन्हें पता चलना चाहिए उसके बाद शुरू होता है असली खेल। पहले तो एक फर्जी रजिस्ट्री करवाई जाएगी,फिर उसके बाद दबंगई से उसपे कब्जा करने की कोशिश की जाएगी अगर कब्जा करने में असफल रहे तो फिर एक फर्जी केस कोर्ट में डाला जाएगा जिससे कि न तो जमीन का असली मालिक उस जमीन पर कुछ कर पाए और न ही बेच पाए। कोर्ट केस में फसने के कारण ये भूमाफिया उस जमीन को सेटलमेंट करके इन्हें दे देते है या फिर किसी भोले भाले इंसान को फसाकर उसको उस जमीन को बेच देते ह और उससे मोटा पैसा लेके रफूचक्कर हो जाते है। ऐसे सैकड़ों केस आज मथुरा वृंदावन में देखने को मिल जाएंगे। ऐसा ही एक मामला सामने आया कृष्ण कृपा धाम परिक्रमा मार्ग के बिल्कुल सामने जहां हरियाणा के एक व्यक्ति की जमीन पर कुछ लोगों के द्वारा कब्जा करने की कोशिश की गई। जब इसकी सूचना जमीन के असली मालिक को पता चली तो उसने अपने जानकर योगेश गौतम जिला मंत्री विश्व हिंदू परिषद को वहां भेजा तो पता चला कि कुछ व्यक्तियों के द्वारा जमीन पर लगे गेट को उखाड़ कर फेक दिया गया और वहां पर जेसीबी के द्वारा प्लॉट में काम कराया गया।

मगर असली बात तो तब निकल कर सामने आई जब मीडिया से बात करते हुए पीड़ित ने बताया कि सरकारी विभाग का कर्मचारी सतीश राजपूत जो कि स्वास्थ विभाग में कार्यरत है व सत्यम गौतम पुत्र दिलीप गौतम व महेश बघेल ने उस जमीन को एक डॉ भास्कर तिवारी को बेच दिया जबकि उस जमीन पर पहले से ही कोर्ट केस चल रहा है । और माननीय कोर्ट के द्वारा उस जमीन पर स्थाई स्टे भी दिया हुआ था और कानूनन जिस प्रॉपर्टी पर केस में अगर स्टे लगी हो तो न तो व्यक्ति उसे बेच सकता है और न उसमें कोई कार्य करा सकता है। मगर आप दबंगई देखिए कि दबंग व्यक्तियों के द्वारा वहां चढ़े फाटक को तोड़कर प्लॉट पर कब्जा करने की कोशिश की गई जोकि माननीय कोर्ट की अभेलना है जब इसकी शिकायत सी ओ सदर से की गई तो सी ओ सदर ने तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस प्रशासन को वहां भेजा और जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे के काम को रुकवाया। सोचने वाली बात ये है कि असली मालिक दर दर की ठोकर खा रहा है और नकली मालिक जमीन को बेच कर मजे उड़ा रहा है।

# सैकड़ो चार पहिया वाहनों के काफिले के साथ भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का हुआ जिले में आगमन, अनेक स्थानों पर हुआ स्वागत



राजा खरे

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजेश पटेरिया का आज जिले में सैकड़ो वाहनों के काफिले के साथ आगमन हुआ जहां सर्वप्रथम भगवान श्री राम राजा सरकार के दर्शन लाभ लेकर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्री पटेरिया ने संपूर्ण जिले का भ्रमण किया तथा कई स्थानों पर श्री पटेरिया का शाल श्रीफल फूल माला से स्वागत किया गया। भाजपा की नव नियुक्त जिला अध्यक्ष राजेश पटेरिया अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 9 बजे झांसी स्टेशन पहुंचे जहां हजारों की संख्या में उपस्थित समर्थकों ने रेलवे स्टेशन पर राजेश पटेरिया जिंदाबाद भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाते हुए नवनियुक्त भाजपा के जिला अध्यक्ष की अगवानी की हालांकि श्री पटेरिया के द्वारा रेलवे स्टेशन पर ना ही कोई माला पहनी गई और ना ही कोई स्वागत कराया गया। सर्वप्रथम ओरछा की सीमा में पहुंचकर श्री पटेरिया के द्वारा भगवान श्री राम राजा की धरती पर प्रणाम किया गया और भगवान श्री राम राजा सरकार के दर्शन लाभ लिए गए तत्पश्चात भाजपा के निर्वतमान जिला अध्यक्ष अखिलेश अयाची सहित भाजपा के अन्य कार्यकर्ताओं के निवास पर श्री पटेरिया का स्वागत किया गया और ओरछा के उपरांत सैकड़ो वाहनों का काफिला जिला मुख्यालय पर पहुंचा जहां निवाड़ी तिगैला पर भाजपा कार्यालय में स्वागत हुआ और उसके पश्चात मंडी के पूर्व अध्यक्ष लाखन सिंह यादव के निवास पर स्वागत किया गया इसके साथ-साथ बाजार में कई स्थानों पर शाल श्रीफल से भाजपा के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष का स्वागत किया गया तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता ओ पी दुबे के निवास पर ढोल नगाड़ों एवं भारी आतिशबाजी के साथ नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्री पटेरिया का स्वागत किया गया इसके साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ नंदकिशोर नापित के निवास पर भी भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजेश पटेरिया का स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्री पटेरिया ने कहा कि भाजपा ने एक साधारण कार्यकर्ता को जिले की जिम्मेदारी दी है और हमारी कार्यप्रणाली सबको साथ लेकर चलने की होगी तथा प्रदेश और भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक हितग्राही को दिलाते हुए संगठन की मजबूती के लिए कार्य किया जाएगा इसके साथ साथ श्री पटेरिया ने कहा कि हमारी पार्टी में ना ही गुटबाजी है और ना ही कोई बड़ा छोटा है सभी सामान्य कार्यकर्ता है और भाजपा में सामान्य कार्यकर्ता को भी उच्च स्थान दिया जाता है। इस अवसर पर भारी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अटल स्मृति संकलन एवं संपर्क अभियान आज से

परिहार गर्जना न्यूज। भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में होने वाले अभियानों के निम्मित भाजपा मथुरा महानगर द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन स्थानीय होटल शीतल रीजेंसी में आयोजित की गयी।




गोवर्धन क्षेत्र विधायक मेघश्याम सिंह जी ने बताया की श्रद्धेय अटल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर पूरा देश गौरान्वित हैं और उनकी विकसित भारत की सोच को आगे बढ़ाने का कार्य मोदी और योगी सरकार कर रही हैं और आज से आगामी 31 जनवरी तक अटल जी से संबंधित फोटो,वीडियो,प्रेरक अनुभव एवँ भाषण का जिला स्तर पर संकलन किया जायेगा ने बताया कि आगमी तीन दिनों में महानगर में अटल जी के साथ कार्य जिलाध्यक्ष महानगर घनश्याम लोधी जी ने कहा कि कर चुके अनुभवी व्यक्तियों से संपर्क कर अटल जी से सम्बंधित सामग्री का संकलन करना हैं और उन व्यक्तियों का सम्मान करना हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि अटल जी की प्रेरणा से सरकार कई योजनाओं को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित कर रही हैं। बताया कि सारी सामग्री संकलित कर प्रदेश स्तर पर भेजी जायेगी इसके बाद जो भी प्रदेश नेतृत्व से अटल जी से संबंधित अभियान आयेंगे उनसे अवगत कराया जायेगा साथ ही जिला सोशल मीडिया टीम और मंडल सोशल मीडिया टीम को अभियान से जोड़ा जायेगा ताकि सभी तक अटल जी के विचार पहुँच सके इस अभियान के संयोजक कमला प्रसाद शर्मा जिला उपाध्यक्ष रहेंगे। प्रेस वार्ता में जिला महामंत्री प्रदीप गोस्वामी, संजोयक कमला प्रसाद, अमित खंडेलवाल आदि उपस्थित रहे। जिला मीडिया प्रभारी नवीन चौधरी ने सभी पत्रकार बंधुओं का धन्यवाद किया।

# क्राइम विंग ने गिरफ्तार किए दो युवक,41 किलो चांदी की जब्त

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा रेलवे जंक्शन के प्लेटफार्म एक से सोमवार रात 11 बजे आगरा क्राइम विंग के हेड कांस्टेबल अजयपाल सिंह मीना और आरपीएफ के एएसआई रामनरेश यादव गश्त कर रहे थे। इस दौरान दो युवक ट्रेन के इंतजार में बैठे हुए थे। दोनों के पास एक एक बैग था, जो छुपाकर रखा हुआ था। टीम को शक हुआ, जिसके बाद दोनों से जानकारी ली। दोनों युवक कुछ नहीं बोल सके। टीम ने बैग की तलाशी ली, जिसमें 41.130 किलो ग्राम चांदी की ईट रखी हुईं थी। आरोपियों ने बताया कि वह कोटा बिक्री करने के लिए ले जा रहे थे। पकड़े गए आरोपी टीकम पुत्र रामबाबू निवासी गांव बिसावर थाना सादाबाद जिला हाथरस और मनोज कुमार पुत्र रामबाबू निवासी गांव बिसावर थाना सादाबाद जिला हाथरस को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों युवक चांदी से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं दिखा सके। जीआरपी की सूचना पर जीएसटी टीम पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की।



# आनंद उत्सव में उत्कृष्ट कार्य करने पर मिला प्रशस्ति पत्र

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। नगरीय क्षेत्र में दिनांक 14 जनवरी से 28 जनवरी तक आयोजित हुए आनंद उत्सव के तहत आयोजित की गई विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने पर आज सभी सहयोगियों एवं नगर परिषद के कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। नगर परिषद कार्यालय में आयोजित आनंद उत्सव सम्मान समारोह में नगर परिषद के अध्यक्ष गुलाब अहिरवार एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरविंद कुमार तिवारी के द्वारा 14 दिवस तक आयोजित किए गए आनंद उत्सव के विभिन्न आयोजनों में अपना सहयोग देकर उत्कृष्ट कार्य करने वाले सहयोगियों एवं सफाई मित्रों सहित अन्य कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पार्षद बृजेश तिवारी जगदीश रैकवार अखिलेश अहिरवार सोनू अहिरवार सहित अन्य पार्षद उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन नगर परिषद के लेखापाल के के वंशकार द्वारा किया गया।



# रीवा में विकास के साथ ही शांति व सौहार्द का वातावरण निर्मित हुआ है - उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल

## शहीद रामानंद सिंह की पुण्य तिथि पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री



परिहार गर्जना न्यूज। भोपाल 28 जनवरी 2025. उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा में विकास के साथ ही शांति व सौहार्द का वातावरण निर्मित हुआ है। लोग अब विकास की बातें करते हैं तथा अपने जनप्रतिनिधियों से नि- संकोच विकास कार्यों की मांग करते है जो यह दर्शाता है कि लोकतंत्र अब परिपक्व हो रहा है। श्री शुक्ल शहीद रामानंद सिंह की पुण्य तिथि पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रामानंद सिंह शोषण व अन्याय के विरूद्ध आवाज उठाते थे तथा लोगों की मदद के लिये हमेशा आगे आ जाते थे। वह अपनी सहजता व सौम्यता के लिये भी जाने जाते थे। श्री शुक्ल ने कहा कि वर्षों पूर्व रीवा में अराजकता का वातावरण था। लोग सुरक्षित नहीं थे। मगर हमारी सरकार के आने के बाद रीवा व मध्यप्रदेश शांति का टापू बन गया है। लोग विकास की चर्चा करते हैं तथा अपने गली, मोहल्ले, कालोनी व शहर में विकास कार्यों के लिये जनप्रतिनिधियों से निस्संकोच अपनी मांगे रखते हैं। क्योकि जनता से चुने हुए व्यक्ति जनता के लिये ही कार्य कर रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने शहीद रामानंद सिंह एवं स्व. शिवेन्द्र सिंह जी को श्रृद्धांजलि अर्पित करते हुए आश्वस्त किया कि बरा मोहल्ले का नाम शहीद रामानंद सिंह के नाम पर तथा रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल के मार्ग का नाम स्व. शिवेन्द्र सिंह जी के नाम पर कराये जाने का कार्य किया जायेगा। कार्यक्रम में सांसद सतना श्री गणेश सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक देवतालाब गिरीश गौतम, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व सांसद देवराज सिंह एवं बुद्धसेन पटेल, पूर्व विधायक रामलखन पटेल, श्रीमती माया सिंह, डॉ. अजय सिंह, राम सिंह, रश्मि सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में क्रांतिकारी मोर्चा से जुड़े व्यक्ति तथा स्थानीय जन उपस्थित रहे।

# ध्वनि प्रदूषण रोकने मॉडिफाइड साईलेंसर जप्त कर किया गया नष्ट

छतरपुर। शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त कराने के प्रयास में जुटी यातायात पुलिस द्वारा लगातार ध्वनि प्रदूषण करने वाले वाहनों पर कार्रवाई की जा रही है। पिछले दिनों यातायात पुलिस ने शहर के अलग-अलग स्थानों पर चैकिंग के दौरान ढाई दर्जन से अधिक वाहनों के मॉडिफाइड साईलेंसर जप्त किए थे, जिन्हें मंगलवार को यातायात थाना के बाहर रोड रोलर की मदद से नष्ट कराया गया।



एएसपी विक्रम सिंह ने बताया कि यातायात पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाकर लोगों से ध्वनि विस्तारक साईलेंसर का इस्तेमाल न करने और नियमों का पालन करने की अपील की जा रही है। इसके बावजूद भी जो लोग इन उपकरणों का इस्तेमाल कर रहे हैं उन पर चालानी कार्रवाई करते हुए मानकों के विपरीत मॉडिफाइड साईलेंसर जप्त कर नष्ट करने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि आज कुल 31 मॉडिफाइड साईलेंसर को रोड रोलर की मदद से नष्ट कराया गया है। उन्होंने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। कार्रवाई के दौरान यातायात प्रभारी बृहस्पति साकेत सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

# 11 के.व्ही. लाइन एवं 2 वर्षों से लंबित कार्य होने पर कलेक्टर ने ठेकेदार को लगाई फटकार

-कलेक्टर ने ईई को कार्य की मॉनिटरिंग करते हुए प्रगति बढ़ाने के दिए स्पष्ट निर्देश

-कलेक्टर ने एमपीईबी की आरडीएसएस योजनांतर्गत कार्यों की प्रगति की समीक्षा की





छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने मंगलवार को छतरपुर जिले में आर.डी.एस.एस. योजना के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की। बैठक में ईई एमपीईबी अमर श्रीवास्तव, एसई एस.बी सिंह, सब इंजीनियर, असिस्टेंट इंजीनियर उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जैसवाल द्वारा 33 के.व्ही. उपकेन्द्रो की स्थापना, उपकेन्द्रो में कैपेसिटर बैंक की स्थापना, 33 के.व्ही. नवीन लाइन, क्षमतावृद्धि, इंटरकनेक्शन, विभक्तिकरण, 11 के.व्ही. लाइनों के फीडर विभक्तिकरण का कार्य और 11 के.व्ही.नवीन लाइनक्षमतावृद्धि, इंटरकनेक्शन, विभक्तिकरण कार्य में प्रगति की समीक्षा की।

कलेक्टर ने खड्डी पहरा, रामटोरिया एवं रनगुवां के सब स्टेशन कार्य एवं 2 वर्ष से सभी लंबित कार्यों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए पीएमए को कार्य जल्दी पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने 38 में से सिर्फ 4, 11के.व्ही. की लाइन पूर्ण होने के साथ अन्य शेष होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि 11 के.व्ही. लाइन के कार्य में प्रगति न्यूनतम है, इसे बढ़ाए।

एमपीईबी के अधिकारियों ने स्मार्ट मीटर छतरपुर, नौगांव और खजुराहो के शहरी क्षेत्र में लगने की जानकारी दी। स्मार्ट मीटर से बिजली लोड की सही जानकारी मिलती है एवं अधिकारियों को डोर टू डोर जाने की आवश्यकता नहीं होती। छतरपुर में 11 केव्ही फीडर, इमरजेंसी, सीताराम और बस स्टैंड-2 के स्मार्ट मीटर के कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बिजली का बिल न भरने वालों की लिस्ट की जानकारी ब्लॉकवार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिससे की लंबित भुगतान की कार्यवाही की जा सके।

# चौपाटी के पास नजूल की जमीन से हटाया गया अतिक्रमण

## आधा दर्जन दुकानें हुई धराशाही, पीड़ितों ने कार्रवाई पर उठाये सवाल



छतरपुर। मंगलवार को जिला प्रशासन, पुलिस और नगर पालिका की संयुक्त टीम द्वारा चौपाटी के पास नजूल की जमीन पर स्थित करीब आधा दर्जन दुकानों को धराशायी कराया गया है, जिसके बाद दुकान मालिकों ने कार्रवाई पर सवाल खड़े किए हैं। दुकान मालिकों का कहना है कि उनके पास दुकान संबंधी समस्त दस्तावेज हैं और वे समय पर कर अदा करते हैं, बावजूद इसके उनकी दुकानों को अवैध बताकर तोड़ दिया गया है।

चौपाटी के पास दुकान संचालित करने वाले मंगल सिंह ने बताया कि करीब 4 दशक पहले छतरपुर रियासत के महाराज भवानी सिंह द्वारा उनके दादा को यह दुकान प्रदान की गई थी, जिसके दस्तावेज उनके पास हैं। इसी तरह अन्य दुकानदार दौलत मंसूरी, तालिब मंसूरी ने भी अपनी दुकानों की दस्तावेज दिखाते हुए कार्रवाई को गलत बताया है। पीड़ित दुकानदारों ने जिला प्रशासन के विरुद्ध न्यायालय जाने की बात कही है। वहीं कार्रवाई के संबंध में एसडीएम अखिल राठौर ने बताया कि जिन दुकानों पर कार्रवाई की गई है, वे नजूल की जमीन पर स्थित थीं। उक्त दुकानों के विरुद्ध बेदखली आदेश पारित किया गया था, जिसका पालन करते हुए दुकानों को तोड़ा गया है। श्री राठौर ने बताया कि जिन दुकानों को तोड़ा गया है, उनके मालिकों के हित को ध्यान में रखकर प्रशासन द्वारा व्यवस्था कराई जाएगी।

# पति के प्रेम प्रसंग से तंग महिला द्वारा एसपी से कार्रवाई की मांग



छतरपुर। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देने आई एक महिला ने अपने पति के कारनामों को उजागर करते हुए उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने और उसे न्याय दिलाए जाने की मांग की है।

पीड़ित महिला सुमन राठौर निवासी छतरपुर ने बताया कि वर्ष 2020 में उसका विवाह महाराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम टटम निवासी दुर्गेश राठौर के साथ हुआ था। विवाह के बाद उसे पता चला कि दुर्गेश का प्रेम-प्रसंग हिनौता निवासी उसकी सगी भांजी पूजा राठौर से चल रहा है और इसीके चलते दुर्गेश ने उसे प्रताड़ित करना शुरु कर दिया। सुमन के मुताबिक दुर्गेश की प्रताड़ना से तंग आकर उसने न्यायालय में केस दायर किया था लेकिन दुर्गेश ने उसके माता-पिता को धमकाकर राजीनामा करा लिया। सुमन का आरोप है कि दुर्गेश ने कई बार उसके साथ मारपीट की, यहां तक कि एक बार जलाने का भी प्रयास किया। सुमन ने बताया कि दुर्गेश उसे छोड़कर अपनी भांजी पूजा राठौर के साथ कहीं भाग गया है। सुमन ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर दुर्गेश पर कार्रवाई करने और उसे न्याय दिलाने की मांग की है।

**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321